समय - २.३० घण्टा

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा-2021

कक्षा–11 पूर्णांक ७०

## सामान्य हिन्दी

1. निम्नलिखित गद्य साहित्य पर आधारित दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 5

(क) रानी केतकी की कहानी के लेखक हैं –

(अ) मुंशी इंशा अल्ला खाँ (ब) प्रेमचन्द

(स) जैनेन्द्र (द) यशपाल

(ख) राहुल सांस्कृत्यायन का वास्तविक नाम है –

(अ) सुदामा प्रसाद पाण्डेय (ब) वासुदेव सिंह

(स) केदारनाथ पाण्डेय (द) वैद्यनाथ मिश्र

(ग) हिन्दी की प्रथम कहानी है –

(अ) पूस की रात (ब) इन्दूमती

(स) आत्माराम (द) कलाकार का दण्ड

(घ) 'बलिदान' गद्य की विधा है –

(अ) उपन्यास (ब) नाटक

(स) कहानी (द) एकांकी

(ङ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र किस काल के रचनाकार हैं –

(अ) आदिकाल (ब) भक्तिकाल

(स) आधुनिक काल (द) रीतिकाल

2. निम्नलिखित पद्य साहित्य पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 5

(क) 'प्रेम माधुरी' के रचयिता हैं –

(अ) नरेन्द्र शर्मा (ब) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(स) रामधारी सिंह दिनकर (द) पन्त

(ख) 'शिवा बावनी' के रचयिता हैं –

(अ) भूषण (ब) तुलसीदास

(स) जगन्नाथ दास रत्नाकर (द) मैथिलीशरण गुप्त

(ग) आधुनिक युग की मीरा हैं –

(अ) सुभद्रा कुमार चौहान (ब) महादेवी वर्मा

(स) सुमित्रा कुमारी चौहान (द) इनमें से कोई नहीं

(घ) भक्तिकाल की कृति है –

(अ) साकेत (ब) पार्वती मंगल

(स) कामायनी (द) पृथ्वीराज रासो

(ङ) जायसी का 'पद्मावत' किस भाषा में लिखा गया है –

(अ) ब्रजभाषा (ब) अवधी

(स) खड़ी बोली (द) फारसी

P.T.O.

https://www.upboardonline.com



3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

इस अभागे आलसी देश में जो कुछ जो जाए वही बहुत है। हमारे हिन्दुस्तानी लोग तो रेल की गाड़ी हैं। यद्यपि फर्स्ट क्लास, सेकेण्ड क्लास आदि गाड़ी बहुत अच्छी–अच्छी और अधिक महसूल की इस ट्रेन में लगी है पर बिना इंजन सब नहीं चल सकती, वैसे ही हिन्दुस्तानी लोगों को कोई चलानेवाला हो तो ये क्या नहीं कर सकते। इनसे इतना कह दीजिए का चुप साधि रहा बलवाना। फिर देखिए, हनुमान जी को अपना बल कैसे याद आता है। सो बल कौन याद दिलावे।

(1) प्रस्तुत गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(2) प्रस्तुत गद्यांश कक्ष में लेखक ने किसकी चर्चा की है ? स्पष्ट कीजिए।

(3) भारतीयों को किसकी संज्ञा दी गई है। तथा क्यों ?

(4) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए।

(5) 'महसूल' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

अथवा

अन्धकार के विकट वैरी महाराज अंशुमाली अभी तक दिखाई भी नहीं दिए। तथापि उसके सारथि अरूण ही ने, उसके अवतीर्ण होने के पहले ही, थोड़े ही नहीं, समस्त तिमिर का समूल नाश कर दिया। बात यह है कि जो प्रतापी पुरूष अपने तेज से अपने शत्रुओं को पराभव करने की शक्ति रखते हैं, उनके अग्रगामी सेवक भी कम पराक्रमी नहीं होते। स्वामी को श्रम न देकर वे खुद ही उसके विपक्षियों का उच्छेद कर डालते हैं। इस तरह अरूण के द्वारा अखिल अन्धकार का तिरोभाव होते ही बेचारी रात पर आफत आ गई। इस दशा में वह कैसे ठहर सकती थी। निरूपाय होकर वह भाग चली।

(1) उपर्युक्त गद्यांश के शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

(2) अन्धकार के प्रबल शत्रु कौन हैं ?

(3) "निरूपाय होकर वह भाग चली" पक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(4) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(5) 'तिमिर' और 'तिरोभाव' शब्द के अर्थ लिखिए।

4. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उनपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

कबिरा यहु घर प्रेम का, खाला का घर नाँहि।
सीस उतारै हाथि करि, सो पैठे घर माहि।।

(1) प्रस्तुत पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(2) परमात्मा को प्राप्त करने के लिए किसका त्याग आवश्यक है ?

(3) 'खाला का घर नाँही' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(4) 'खाला' और 'सीस' का अर्थ लिखिए।

(5) उपर्युक्त पद्यांश में किस भाषा का प्रयोग किया गया है।

P.T.O.

https://www.upboardonline.com

अथवा

अब कै राखि लेहु भगवान।
हौ अनाथ बैठ्यो द्रुम डरिया, पारधि साधे बान।।
ताके डर मैं भाज्यो चाहत, उपर ढुक्यौ सचान।
दुहूँ भाँति दुख भयो आनि यह, कौन उबारै प्रान ?
सुमितरत ही अहि डस्यौ पारधि, कर छूट्यो सन्धान।
सूरदास सर लग्यौ सचानहिं जय–जय कृपानिधान।।

(1) प्रस्तुत पद्यांश का शीर्षक व उसक कवि का नाम बताइए।
(2) जीवात्मा रूपी पक्षी पर किसने बाण साध रखा है।
(3) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(4) 'सूरदास सर लग्यौ सचानहि' में अलेकार बताइए।
(5) 'द्रुम डरिया' तथा 'पारिध' शब्दों का शाब्दिक अर्थ बताइए।

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों पर प्रकाश डालिए – 3
(अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ब) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(स) राहुल सांस्कृत्यायन

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों पर प्रकाश डालिए – 3
(अ) कबीरदास (ब) सूरदास (स) तुलसीदास

6. बलिदान अथवा आकाशीद्वीप कहानी का सारांश लिखिए। 3

7. 'सूतपूत्र' नाटक के आधार पर कर्ण का चरित्र–चित्रण संक्षेप में कीजिए। 3

अथवा

'सूत–पुत्र' नाटक के द्वितीय अंक का सारांश संक्षेप में लिखिए।

8. (क) निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए–5

पुरा वस्तनामकमेकं समृद्धं राज्यमासीत्। अस्य राजधानी कौशाम्बी दूतः नतिदूरेऽवर्तत। अस्य राज्यस्यशासकः महाराजः उदयनः वीरः अप्रतिम सुन्दरः ललितकलाभिज्ञश्चासीत्। यमुनातटे आधुनिक 'सुजावन' सुजावन ग्रामे तस्य सुयामुनप्रासादस्य ध्वंसावशेषाः तस्य सौन्दर्यनुरागं ख्यापयन्ति।

अथवा

ऋषेः भारद्वाजस्य आश्रमः अपि अत्रैव अस्ति। यत्र पुरा दशसहस्त्र मिता विद्यार्थिनः अधीतिनः आसन्। पितु आज्ञां पालयन पुरूषोत्तमः श्रीरामः अयोध यायाः वनं गच्छन् कुत्र मया वस्तव्यम् इतिप्रष्टुम अत्रैव भारद्वाजस्य समीपम आमतः।

https://www.upboardonline.com

P.T.O.



(ख) दिये गये श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए–5

तं तथा कृपयाविष्टमश्रुपूर्णा कुलेक्षणं।
विषीदन्तमिदं वाक्यमुवाच मधुसूदनः।।

अथवा

ये नास्तिका निष्क्रियाश्च गुरूशास्त्रातिलंघिनः।
अधर्मज्ञा दुराचारस्ते भवन्ति गतायुषः।।

9. निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए – 2
(क) ऊँट के मुँह में जीरा (ख) लोहा लेना
(ग) आसमान से बातें करना (घ) एक पंथ दो काज

10. (क) 'महोदय' तथा 'लघुत्तरम्' का सन्धि विच्छेद कीजिए। 2
(ख) 'रामाय' शब्द में विभक्ति तथा वचन बताइए। 2
'अगच्छताम्' में पुरूष तथा वचन बताइए। 1

11. (क) निम्नलिखित शब्द युग्मों का सही अर्थ लिखिए– 1
तर्क–तक्र अथवा अंश–अंस
(ख) 'अम्बर' अथवा 'अरूण' शब्द के दो अर्थ लिखिए– 1
(ग) जो कभी बूढ़ा न हो, तथा जिसने इन्द्रियों को जीत लिया हो वाक्यों के लिए एक शब्द लिखिए। 2
(घ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए– 2
(1) मेरे को पुस्तक चाहिए (2) चिड़िया डाल में बैठी है
(3) वृक्षों पर कोयल बैठी है (4) हाथी जा रही है।

12. (क) वीर रस अथवा हास्य रस की परिभाषा उदाहरण के साथ लिखिए। 2
(ख) दोहा अथवा चौपाई छन्द की परिभाषा उदाहरण के साथ लिखिए। 2
(ग) उपमा अथवा उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा उदाहरण के साथ लिखिए।2

13. नगर पालिका अध्यक्ष को नगर की सफाई हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिए। 6

अथवा

कमरे में खराब पंखे को ठीक कराने के लिए प्रधानार्चा को प्रार्थना–पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबन्ध अपने शब्दों में लिखिए– 8
(1) भारत में कम्प्यूटर की महत्ता (2) वन संरक्षण का महत्व
(3) मेरा प्रिय शिक्षक (4) प्रदूषण कारण और निवारण

https://www.upboardonline.com